रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-05052022-235554
CG-DL-E-05052022-235554

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1977] नई दिल्ली, बुधवार, मई 4, 2022/वैशाख 14, 1944
No. 1977] NEW DELHI, WEDNESDAY, MAY 4, 2022/VAISAKHA 14, 1944

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 मई, 2022

का.आ. 2078(अ)—मंत्रालय की प्रारूप अधिसूचना का.आ. 3576 (अ.), दिनांक 09 नवम्बर, 2017, के अधिक्रमण में, अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है को पर्यावरण (संरक्षण) नियमावली 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, और यह सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देने का इच्छुक है, वह विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए अपनी आपत्ति या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 को लिखित रूप में या ई-मेल esz-mef@nic.in पर भेज सकता है।

प्रारूप अधिसूचना

जबकि, कुनो राष्ट्रीय उद्यान 748.761 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और मध्य प्रदेश राज्य में शिवपुर जिले के करहल और विजयपुर तहसील में स्थित है। इस राष्ट्रीय उद्यान को एशियाई शेर के दूसरे घर के रूप में पहचाना जाता है और यह कुनो वन्यजीव प्रभाग का केंद्र है;

और जबकि, कुनो राष्ट्रीय उद्यान के बफर क्षेत्र में चार रेंज (557.278 वर्ग किलोमीटर) सम्मिलित हैं। कुनो राष्ट्रीय उद्यान और चार बफर रेंज मिलकर कुनो वन्यजीव प्रभाग बनता है;

और जबकि, कुनो वन्यजीव अभयारण्य को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना सं. 15-8-79-एक्स-2 भोपाल के तहत दिनांक 16 जनवरी, 1981 को अधिसूचित किया गया था और बाद में पिछले वन्यजीव अभयारण्य में 404.0758 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को सम्मिलित करके अधिसूचना संख्या एफ-15-52-2002-एक्स-2 दिनांक 14 दिसंबर, 2018 द्वारा इसे कुनो राष्ट्रीय उद्यान के रूप में घोषित किया गया था;

और जबकि, कुनो राष्ट्रीय उद्यान और कुनो वन्यजीव प्रभाग का जैव विविधता समृद्ध पर्यावास और इसके आसपास के वन क्षेत्र के साथ स्तनधारियों, पक्षियों, सरीसृपों और लघु जीवन रूपों की विभिन्न प्रजातियों को आसरा देता है। भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून द्वारा गिर राष्ट्रीय उद्यान से एशियाई शेर के स्थानान्तरण के लिए इस क्षेत्र को "*सर्वाधिक उपयुक्त स्थल*" के रूप में भी पहचाना गया है;

और जबकि, इस संरक्षित क्षेत्र में विद्यमान कुछ महत्वपूर्ण पुष्प प्रजातियां अर्जुन *(टर्मिनलिया अर्जुना)*, आम *(मैंगिफेरा इंडिका)*, आंवला *(एम्बेलिका ऑफिसिनैलिस)*, इमली *(टैमरीन्डस इंडिका)*, कचनार *(बौहिनया वेरिगेट)*, कैथा या वुडएप्पल *(फेरोनिया लिमोनिया)*, खेजड़ी *(प्रोसोपिस सिनेरारिया)*, बबूल *(एकेसिया निलोटिका)*, बहेड़ा *(टर्मिनलिया बेलेरिका)*, बेर *(ज़िज़ीफस मॉरिटियाना)*, सहजन *(मोरिंगा पर्टिगोस्पर्मा)*, टीक *(टेक्टोना ग्रांडिस)*, खैर *(अकेसिया केटेचु)*, गुलमोहर *(डेलोनिक्स रेजिया)*, गुलर *(फ़िकस ग्लोमेराटा)*, जंगल जलेबी *(पिथेसेलोबियम डल्से)*, जामुन *(सिज़ीगियम क्यूमिनी)*, तेंदु *(डायोस्पायरोस मेलानोक्सीलॉन)*, लासोड़ा *(कॉर्डिया लैटिफ़ोलिया)*, नीम *(अज़ादिराच्टा इंडिका)*, पीलू *(साल्वेडोरा ओलियोइड्स)*, आदि हैं;

और जबकि, कुनो राष्ट्रीय उद्यान से अभिलिखित की गई स्तनपायी प्रजातियां ब्लैक बक *(एंटीलोप सर्विकाप्रा)*, चिंकारा या इंडियन गज़ेल *(गज़ेला बेन्नेट्टी)*, चौसींगा मृग *(टेट्रासेरोस क्वाड्रिकोर्निस)*, भारतीय भेड़िया *(कैमिस लुपुस पैलिप्स)*, तेंदुआ या पैंथर *(पैंथरा पार्डस)*, रीछ *(मेलुर्सस उर्सिनस)*, बाघ *(पैंथेरा टिग्रिस)*, सामान्य लंगूर *(प्रेस्बिटिस एंटेलस)*, रीसस मकाक *(मकाका मुलाट्टा)*, सामान्य लोमड़ी *(वल्प्स बेंगालेंसिस)*, सियार *(कैमिस ऑरियस)*, जंगली बिल्ली *(फेलिस चौस)*, ऊदबिलाव *(लूथरा पर्सपिसिलाटा)*, वीसेल्स *(मुस्टेला सिबिरिका) (मुस्टेला काथियान)*, मुंजक या मुंटजैक *(मुमटलाकस मुंटजैक)*, चीतल *(एक्सिस एक्सिस)*, लकड़बग्घा *(हाइना हाइना)*, नीलगाय *(बोसेलाफस ट्रैगोकैमेलस)*, सांभर *(सर्वस यूनिकलर)*, जंगली सूअर *(सस स्क्रोफा)*, फाइव स्ट्रिपड पाम स्क्विरल *(फनमबुलुस पेनांट)*, भारतीय साही *(हिस्ट्रिक्स इंडिका)*, ब्लैक नेप्ड हेर, आदि हैं;

और जबकि, संरक्षित क्षेत्र में रहने वाली दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटापन्न प्रजातियां जंगली कुत्ता या धोल *(क्यूओन अल्पाइंस)*, घड़ियाल *(गावियलिस गैंगेटिकस)*, यूरेशियन ग्रिफॉन *(जिप्स फुल्वस)*, रेड हेडेड वलचर या किंग वलचर *(सरकोजिप्स कैल्वस)*, यूरेशियन मार्श हैरियर *(सिर्कस एरुगिनोसस)*, ओरिएंटल हनी बज़र्ड *(पर्निस पटिलोरिनकस)*, कॉमन पोचार्ड *(एथिया फेरिना)*, रेड-क्रेस्टेड पोचर्ड *(नेट्टा रूफिना)*, ब्लैक क्राउन नाइट हेरॉन *(निक्टिकोरैक्स निक्क्टोरैक्स)*, यूरेशियन थिक-नी *(बुरिनस ओडिक्रेमस)*, जंगल प्रिनिया *(प्रिनिया सिल्वोर्टिका)*, रेड वॉटलेड लैपविंग *(वेनेलस इंडिकस)*, ब्लैक-नेकेड स्टॉर्क *(एफिपिओर्हिन्चस एशियाटिकस)*, यूरोपियन रोलर *(कोरासियास गैरुलस)*, ब्लू रॉक थ्रश *(मोंटिकोला सॉलिटरिस)*, व्हाइट-ब्रोड फैनटेल *(रिपिड्रा ऑरोला)*, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड *(चोरियोटिस निग्रिसेप्स)*, वाइट रूमप्ड वलचर

(जिप्स बेंगालेंसिस), लौंग बिलड वलचर *(जिप्स इंडिकस),* जंगल प्रिनिया *(प्रिनिया सिल्वोर्टिका),* अलेक्जेंड्रिन पैराकीट *(सिटाकुला यूपेट्रिया),* आदि हैं;

और जबकि, कुनो राष्ट्रीय उद्यान पूरी तरह से मानव बस्तियों से रहित है और कुनो राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत रहने वाले चौबीस (24) राजस्व ग्रामों को राष्ट्रीय उद्यान के बाहर पुनर्वासित किया गया है। राष्ट्रीय उद्यान के बाहर ग्रामों के पुनर्वास की प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त भूमि को हर साल रख-रखाव किया जाता है ताकि ऐसे क्षेत्रों को गुणवत्ता वाले घास के मैदानों में परिवर्तित किया जा सके है, जिसमें घास की बारहमासी और खाद्य प्रजातियों का रोपण किया जाता है जिससे इस क्षेत्र को स्वस्थ और टिकाऊ शिकार आधार बनाने के लिए उपयुक्त बनाया जा सके;

और जबकि, कुनो राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर के क्षेत्र, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैराग्राफ 1 में पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय और जैव-विविधता की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में विनिर्दिष्ट हैं, को सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियमावली, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इसमें इसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) और उप-धारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्यप्रदेश राज्य में शिवपुर जिले के कुनो राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के चारों ओर 2 किलोमीटर से 15 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को कुनो राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात्:-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमाएं.**-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार कुनो राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के चारों ओर 2 किलोमीटर से 15 किलोमीटर की सीमा तक होगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्र 725.904 वर्ग किलोमीटर है।

(2) कुनो राष्ट्रीय उद्यान और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **अनुलग्नक –I** के रूप में संलग्न है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन को सीमांकित करते हुए कुनो राष्ट्रीय उद्यान के मानचित्र **अनुलग्नक –IIक, अनुलग्नक –IIख, अनुलग्नक –IIग, अनुलग्नक –IIघ** और **अनुलग्नक –IIङ** के रूप में संलग्न हैं।

(4) कुनो राष्ट्रीय उद्यान और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **अनुलग्नक-III** की सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई है।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची मुख्य बिंदुओं पर उनके भू-निर्देशांकों के साथ **अनुलग्नक–IV** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और राज्य के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी और राज्य में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदित किया जाएगा।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप और राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार बनायी जाएगी।

(3) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को शामिल करने के लिए इसे राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से बनाया जाएगा, अर्थात्:-

i. पर्यावरण;

ii. वन;

iii. कृषि;

iv. राजस्व;

v. शहरी विकास;

vi. पर्यटन;

vii. ग्रामीण विकास;

viii. जल संसाधन विकास;

ix. नगरपालिका;

x. पंचायती राज; और

xi. लोक निर्माण विभाग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों के सुधार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा का सहायक मानचित्र के साथ निर्धारण किया जाएगा और प्रस्तावित भू-उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा भी दिया जाएंगा।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकासात्मक क्रियाकलापों को विनियमित करने के लिए प्रक्रिया प्रदान करेगा और सारणी में यथासूचीबद्ध पैरा 4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित आंचलिक महायोजना, निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन अनुमत नहीं किया जाएगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर ऊपर भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, निगरानी समिति की सिफारिश पर और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार सक्षम

प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुमत किया जाएगा जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, और स्थानीय सुविधाएं तथा गृह वास; और

(v) पैराग्राफ-4 में उल्लिखित बढ़ावा दिए गए क्रियाकलाप:

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा।

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में वनीकरण तथा पर्यावासों की बहाली के कार्यकलापों से पुन: वनीकरण किए जाने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.**- सभी प्राकृतिक जलमार्गों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा दिशा-निर्देश इस रीति से तैयार किए जाएंगे कि उसमें ऐसे क्षेत्रों में या उसके पास विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध और निर्बंधित किया गया हो ।

(3) **पर्यटन एवं पारिस्थितिकी पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन संबंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुमत होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें से जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुमत नहीं किया जाएगा:

परंतु यह, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट की स्थापना अनुमत होगी;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा

पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमत किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल, रिजॉर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संन्निर्माण अनुमत नहीं होगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.**- पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण किया जाएंगा ।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सरण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सरण, पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषकों के निस्सरण के लिए साधारण मानकों या केंद्र शासित द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुमत किया जायेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुमत किया जायेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय-समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **सड़क-यातायात.-** सड़क-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे। आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार सड़क-यातायात के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण.-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (क) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ख) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर संशोधित मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण अधिनियम उसके अधीन बने नियमों जिसमें तटीय विनियमन जोन, 2011 एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 शामिल है सहित वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) और अन्य लागू नियमों के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्र.सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणी
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी; (ख) खनन प्रचालन, 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं. 202 में

		टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश 4 अगस्त ,2006 और 2012 की रिट याचिका (सिविल) सं. 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल ,2014 के आदेश के अनुसरण में होगा ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगी: परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर संशोधित मार्ग दर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना।	प्रतिषिद्ध।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	प्रतिषिद्ध।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सरण ।	प्रतिषिद्ध।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुमत नहीं होगा।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	प्रतिषिद्ध।
8.	ठोस और जैव चिकित्सा अपशिष्ट के लिए ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और सामान्य भस्मीकरण सुविधा की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किसी भी नए ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और ठोस अपशिष्ट के अपशिष्ट उपचार/प्रसंस्करण सुविधा की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक प्रक्रिया और स्वास्थ्य प्रतिष्ठान/अस्पतालों आदि से उत्पन्न किसी भी प्रकार के ठोस अपशिष्ट के उपचार के लिए सामान्य या व्यक्तिगत भस्मीकरण सुविधा की स्थापना को प्रतिबंधित किया जाएगा।
9.	फर्मों, निगम और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
10.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना की अनुमति नहीं होगी: परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार करने की अनुज्ञा होगी ।
11.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुमत नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध

		क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी: परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ख) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
12.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी समय-समय पर संशोधित उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
13.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
14.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
15.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा)।
16.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा।	लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ न्यूनीकरण उपाय करना।
17.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण।	लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ न्यूनीकरण उपाय करना।
18.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उड़ाना आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
20.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।
21.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुमत होंगे।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल

	निस्सारण ।	या बहिर्स्राव का निस्सरण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
23.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
24.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
25.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
26.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
27.	पॉलीथिन बैग का प्रयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
28.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
29.	खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि कृषि और अन्य उपयोग के लिए ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
ग. संवर्धित क्रियाकलाप		
30.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन अधिसूचना की निगरानी के लिए निगरानी समिति.- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के तहत इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी निगरानी के लिए केन्द्रीय सरकार एतद्वारा एक निगरानी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, नामत:

क्र.सं.	निगरानी समिति का गठन	पद
1.	संभागीय आयुक्त, मोरेना	अध्यक्ष;
2.	मुख्य वन संरक्षक, सिंह परियोजना, ग्वालियर	सदस्य;
3.	जिलाधिकारी, शिवपुर	सदस्य;
4.	मुख्य नगर अधिकारी, नगर पालिका शिवपुर	सदस्य;
5.	अधीक्षक अभियंता, जल संसाधन विभाग लोक स्वास्थ्य विभाग/लोक निर्माण विभाग/एमपीईबी शिवपुर	सदस्य;

6.	मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले पारिस्थितिकी और पर्यावरण क्षेत्र के एक विशेषज्ञ	सदस्य;
7.	मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाला गैर-सरकारी संगठन (विरासत संरक्षण सहित पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत) का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
8.	जिला पंचायत के सीईओ, शिवपुर	सदस्य;
9.	नगर और गांव योजना बोर्ड के प्रतिनिधि	सदस्य;
10.	मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि	सदस्य;
11.	मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के प्रतिनिधि	सदस्य;
12.	संभागीय वनाधिकारी, कुनो वन्यजीव संभाग, शिवपुर	सदस्य-सचिव।

6. निर्देश निबंधन:- (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल अगले आदेश होने तक किया जाएगा, परंतु यह कि समिति के गैर-सरकारी सदस्यों को समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति लेने के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना की अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण अधिनियम की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित हितधारकों को, प्रत्येक मामले मे आवश्यकता के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, अनुलग्नक V में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. अतिरिक्त उपाय.- इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. उच्चतम न्यायालय, आदेश आदि.- इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/81/2015-ईएसजेड-आरई]

एस. केरकेट्टा, वैज्ञानिक 'जी'

अनुलग्नक – I

मध्य प्रदेश राज्य में कुनो राष्ट्रीय उद्यान और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

क. कुनो राष्ट्रीय उद्यान की चारों सीमाओं का विवरण

क्र.स.	दिशा	विवरण
1.	उत्तर	राजस्व ग्राम मेतोनी की दक्षिण पश्चिमी सीमा, कुनो नदी के प्रतिच्छेदन बिंदु से राजस्व ग्राम मेतोनी की दक्षिण-पूर्वी सीमा और वन क्षेत्र सीरोनी के कम्पार्टमेंट सं. पी एफ-1058, सीरोनी वन क्षेत्र के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-995 की दक्षिणी सीमा से होते हुए जाती है, कम्पार्टमेंट सं. आर-एफ-996 की आंशिक दक्षिणी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-997 की पश्चिम-दक्षिणी सीमा और वन क्षेत्र आगरा के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1014 की पश्चिम-दक्षिणी सीमा, आर-एफ-1023 की दक्षिण-पूर्वी सीमा, आर एफ-1016 की आंशिक दक्षिण-पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1017 की दक्षिणी सीमा से होते हुए जाती है कम्पार्टमेंट सं. आर-एफ-1016, आर एफ-1017 और आर एफ-1021 की प्रतिच्छेदन बिंदु तक है।
2.	पूर्व	कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1017 की दक्षिणी सीमा कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1016, आर एफ-1017 और आर एफ-1021 से कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1021 तक के प्रतिच्छेदन बिंदु है, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1032 की पश्चिमी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1033 की उत्तर-पश्चिमी सीमा से कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1043 की आंशिक उत्तरी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1042 की उत्तर-पश्चिमी और आंशिक दक्षिणी सीमा कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1044 की पश्चिमी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1052 की आंशिक उत्तरी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1051 की उत्तर-पश्चिमी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-1054 की उत्तर-पश्चिमी और आंशिक दक्षिणी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर-एफ-1057 की पश्चिमी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. पी एफ-1063 की आंशिक पश्चिमी सीमा और राजस्व ग्राम उमरी की पश्चिमी सीमा और वन क्षेत्र आगरा के कम्पार्टमेंट सं. पी एफ-1064 की पश्चिमी सीमा है। कम्पार्टमेंट सं. पी एफ-1065 की पश्चिम-दक्षिणी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. पी एफ-1066 की आंशिक पश्चिमी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. पी एफ-1067 की आंशिक पश्चिमी सीमा और राजस्व ग्राम धोररा की पश्चिम-दक्षिणी सीमा और वन क्षेत्र आगरा के कम्पार्टमेंट सं. पी एफ-605 की आंशिक दक्षिणी सीमा और राजस्व ग्राम दुबेरा की आंशिक पश्चिम-दक्षिणी सीमा और राजस्व ग्राम मगरधा और कुदवाई की पश्चिमी सीमा, वन क्षेत्र आगरा के कम्पार्टमेंट सं. पी एफ-597 की उत्तर-पश्चिम-दक्षिणी सीमा और राजस्व ग्राम कुदवाई की आंशिक पश्चिमी सीमा कम्पार्टमेंट सं. पी एफ 125 के शिवपुरी जिला की पश्चिमी सीमा से होते हुए जाती है। शिवपुरी जिला के वन क्षेत्र मोरावन पूर्व और पश्चिमी सीमा के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-595 के प्रतिच्छेदन बिंदु तक है।
3.	दक्षिण	वन क्षेत्र पालपुर पूर्व के कम्पार्टमेंट सं. पी एफ-125 से वन क्षेत्र मोरावन पूर्व के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-595 के प्रतिच्छेदन बिंदु और मोरावन पूर्व के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-595 की उत्तरी सीमा के शिवपुरी जिला की पश्चिमी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-594 राजस्व ग्राम हाथेरी के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-593 की उत्तरी सीमा से होते हुए जाती है और कुनो नदी के मध्य से पूर्व-उत्तरी सीमा, राजस्व ग्राम बाग, तीकटोली की पूर्व-उत्तरी सीमा और वन क्षेत्र-मोरावन पश्चिम के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-632 की उत्तरी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-635, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-636, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-637 की पूर्व-उत्तरी सीमा से कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-638 की पूर्व-उत्तरी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. -641, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-642 की पूर्व-उत्तरी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-643, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-664 की पूर्व-उत्तरी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-663 की उत्तरी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-658 की आंशिक उत्तरी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-659, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-660, वन क्षेत्र सीरोनी के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-656 की उत्तरी सीमा से कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-682 की पूर्व दक्षिणी सीमा से होते हुए जाती है यह वन क्षेत्र मोरावन पश्चिम के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-656 की उत्तरी सीमा और कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-681 की दक्षिण-पश्चिमी सीमा के प्रतिच्छेदन बिंदु है।
4.	पश्चिम	वन क्षेत्र सीरोनी के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-682 की पूर्व दक्षिणी सीमा से वन क्षेत्र मोरावन के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-656 की उत्तरी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-681 की पश्चिम और दक्षिण-पश्चिमी सीमा से सीरोनी वन क्षेत्र के कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-682 की पूर्व-उत्तरी सीमा तक प्रतिच्छेदन बिंदु है, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-687 की सीमा की पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-689 की पूर्व-उत्तरी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-690 की आंशिक पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं.-691, कम्पार्टमेंट सं.-692 की पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं.- आर एफ-770 की पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-769 की पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-780 की पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर

		एफ-794 की पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-795 की पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-796 की आंशिक पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-765 की दक्षिणी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-763 की दक्षिण-पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-759 की दक्षिण पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-758 की आंशिक पूर्वी सीमा और कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-757 की दक्षिण पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-753 की दक्षिण-पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-752 की दक्षिणी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-747 की दक्षिणी-पूर्वी सीमा, कम्पार्टमेंट सं. आर एफ-746 की दक्षिणी सीमा, राजस्व ग्राम जहानगढ़ की पश्चिम-दक्षिणी सीमा, कुनो नदी की मध्य सीमा, राजस्व ग्राम मेतोनी की दक्षिण-पश्चिमी सीमा से होते हुए जाती है, कुनो नदी के प्रतिच्छेदन बिंदु और वन क्षेत्र धोरेट की कम्पार्टमेंट सं. पी एफ-1058 तक है।

ख. कुनो राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

क्र.सं.	दिशाएं	संरक्षित क्षेत्र से दूरी (किलोमीटर में)
1	उत्तर	9
2	उत्तर-पूर्व	10
3	पूर्व	2
4	दक्षिण-पूर्व	2
5	दक्षिण	15
6	दक्षिण-पश्चिम	10
7	पश्चिम	2
8	उत्तर-पश्चिम	2.5

अनुलग्नक – IIक

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर सहित कुनो राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन का टोपोशीट मानचित्र



अनुलग्नक – IIख

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर सहित कुनो राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



अनुलग्नक – IIग

कुनो राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



अनुलग्नक – IIघ

कुनो राष्ट्रीय उद्यान का अवस्थान मानचित्र



अनुलग्नक – IIङ

कुनो वन्यजीव संभाग का अवस्थान मानचित्र



अनुलग्नक –III

सारणी क: कुनो राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के साथ चारों कोनों के भू-निर्देशांक

क्र.सं.	जीपीएस स्थान	अक्षांश	देशांतर
1.	ए	26° 1'6.53" उ	77° 7'30.86" पू
2.	बी	25°59'25.30" उ	77°14'23.07"पू
3.	सी	25°56'36.26" उ	77°13'54.09"पू
4.	डी	25°50'55.28" उ	77°13'32.92" पू

5.	ई	25°46'21.13" उ	77°16'58.17" पू
6.	एफ	25°43'44.32" उ	77°17'21.25" पू
7.	जी	25°41'51.63" उ	77°18'3.01" पू
8.	एच	25°40'4.14" उ	77°19'33.64" पू
9.	आई	25°39'47.11" उ	77°18'8.85" पू
10.	जे	25°39'9.94" उ	77°14'3.30" पू
11.	के	25°42'11.83" उ	77° 8'40.21" पू
12.	एल	25°45'5.22" उ	77° 2'23.29" पू
13.	एम	25°48'48.91" उ	77° 0'1.30" पू
14.	एन	25°53'31.70" उ	77° 0'3.20" पू
15.	ओ	25°55'36.10" उ	77° 4'11.99" पू

सारणी ख: कुनो राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

क्र.सं.	**जीपीएस**	**अक्षांश**	**देशांतर**
1.	ए	26° 5' 21.48" उ	77° 5' 37.75" पू
2.	बी	26° 3' 21.71" उ	77° 18' 4.09" पू
3.	सी	25° 57' 3.35" उ	77° 15' 44.17" पू
4.	डी	25° 51' 54.8" उ	77° 15' 44.99" पू
5.	ई	25° 46' 18.43" उ	77° 20' 7.16" पू
6.	एफ	25° 43' 42.09" उ	77° 18' 55.51" पू
7.	जी	25° 42' 18.10" उ	77° 19' 5.64" पू
8.	एच	25° 39' 51.62" उ	77° 20' 35.91" पू
9.	आई	25° 33' 17.29" उ	77° 18' 26.45" पू
10.	जे	25° 30' 50.05" उ	77° 13' 26.44" पू
11.	के	25° 30' 37.56" उ	77° 4' 56.85" पू
12.	एल	25° 40' 37.75" उ	76° 58' 38.37" पू
13.	एम	25° 48' 41.14" उ	76° 58' 58.75" पू

14.	एन	25° 54' 46.60" उ	76° 59' 28.02" पू
15.	ओ	25° 57' 16.20" उ	77° 2' 53.60" पू

अनुलग्नक -IV

कुनो राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की भू-निर्देशांकों सहित सूची

क्र.सं.	संभाग	ग्राम	अक्षांश	देशांतर
1		उमरी खुर्द	25⁰ 53' 04.78" उ	77⁰ 12' 21.70"पू
2		हाथेडी	25 38' 45.50"उ	77⁰ 12' 0.87"पू
3		धोरेरा	25⁰ 48' 49.77"उ	77⁰ 15' 28.71"पू
4		कादवाई	25⁰ 44' 04.75"उ	77⁰ 16' 50.26"पू
5		डोंडि खेडा	25⁰ 44' 21.20"उ	77⁰ 04'25.37"पू
6		सिरोनी	25⁰ 49' 10.85"उ	76⁰ 59'55.98"पू
7		ओछा	25⁰ 53' 20.92"उ	76⁰ 59'55.97"पू
8		मेटोनी	26⁰ 14' 04.13"उ	77⁰ 08'14.26"पू
9		शाहपुर खुर्द	25⁰ 57' 20.40"उ	77⁰ 15'17.23"पू
10		आगरा	25⁰ 55' 59.54"उ	77⁰ 13'44.66"पू
11		मागारदा	25⁰ 46' 08.52"उ	77⁰ 17'06.82"पू
12		दुबेरा	25⁰ 46' 17.20"उ	77⁰ 17'39.11"पू
13		डोमारी	25⁰ 38' 14.29"उ	77⁰ 14'05.01"पू
14		चाकराना	25⁰ 38' 44.33"उ	77⁰ 11' 44"पू
15		बाग	25⁰ 39' 00.10"उ	77⁰ 11'27.54"पू
16		टिकटोलि	25⁰ 39' 01.63"उ	77⁰ 10'53.77"पू
17		जाहानगढ	25⁰ 58' 28.55"उ	77⁰ 07' 07.18"पू
18		कागिव्ली	25⁰ 59' 04.25"उ	77⁰ 06'16.44"पू
19		धोराट	25⁰ 59' 29.05"उ	77⁰ 09'32.83"पू
20		बादरेन्था	25°37'45.18"उ	77° 8'33.73"पू
21		पाटारी	25°36'39.30"उ	77°12'0.02"पू

क्र.सं.	संभाग	ग्राम	अक्षांश	देशांतर
22	कुनो वन्यजीव संभाग शिवपुर	सिलोरी	25°36'50.65"उ	77°14'5.08"पू
23		टिघारा	25°36'25.87"उ	77°15'17.45"पू
24		नावलपुरा	25°35'26.77"उ	77°14'5.34"पू
25		जाखडा	25°35'13.00"उ	77°11'19.80"पू
26		मोरावन	25°36'6.28"उ	77° 9'36.01"पू
27		अमेठ	25°36'6.48"उ	77° 7'42.05"पू
28		चाँदपुर	25°36'42.56"उ	77° 6'39.86"पू
29		सेठपुर	25°35'38.54"उ	77° 6'19.25"पू
30		अध्वाडा	25°34'14.00"उ	77°10'7.25"पू
31		अमेट	25°34'9.38"उ	77° 7'11.17"पू
32		जामुर्दी काराहाल	25°33'52.01"उ	77°12'1.04"पू
33		कुराचोर कलां	25°34'6.20"उ	77°14'46.52"पू
34		कुराचोर खुर्द	25°32'50.23"उ	77°16'9.67"पू
35		बासीद	25°31'49.77"उ	77°12'42.42"पू
36		चाक किसनपुर	25°32'34.00"उ	77°11'9.28"पू
37		सीसाईपुरा	25°32'28.96"उ	77°10'7.13"पू
38		अज्नोई	25°33'1.89"उ	77° 8'23.71"पू
39		नोनपुरा	25°32'3.03"उ	77° 7'10.45"पू
40		ईकलौड	26° 0'49.89"उ	77°16'51.08"पू
41		रणसिंहपुरा	25°59'2.06"उ	77°16'29.95"पू
42		सिलपारी	26° 1'38.29"उ	77° 4'35.70"पू
43		अमरपुरा	25°59'17.08"उ	77° 5'37.86"पू
44		दीओपुर	25°57'52.03"उ	77° 5'16.89"पू
45		सारारी खुर्द	25°36'28.01"उ	77° 3'54.24"पू
46		सारारी कलां	25°35'25.43"उ	77° 3'53.87"पू
47		पार्टवाडा	25°35'21.32"उ	77° 5'6.71"पू

क्र.सं.	संभाग	ग्राम	अक्षांश	देशांतर
48		डोब	25°43'51.04"उ	77° 2'41.78"पू
49	शिवपुरी	अहेरा	250 39' 11.22"उ	770 16' 50.59"पू
50		सामारा	250 39' 28.94"उ	770 20' 17.52"पू
51		ओखाइपाटा	250 38' 31.35"उ	770 16'06.61"पू

अनुलग्नक -V

की गई कार्रवाई सम्बन्धी रिपोर्ट का प्रपत्र : -

1. बैठकों की संख्या और तारीख।
2. बैठकों का कार्यवृत : (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत को एक पृथक अनुलग्नक में प्रस्तुत करें)।
3. पर्यटन महायोजना सहित आंचलिक महायोजना की तैयारी की स्थिति।
4. भू-अभिलेखों की स्पष्ट त्रुटियों के सुधार के लिए निबटाए गए मामलों का सार(पारिस्थितिकी-संवेदी जोन वार)। विवरण अनुलग्नक के रुप में संलग्न करें।
5. पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार।(विवरण एक पृथक अनुलग्नक के रूप में संलग्न करें)।
6. पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार। (विवरण एक पृथक अनुलग्नक के रूप में संलग्न करें)।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 4th May, 2022

S.O 2078(E).—In supersession of Ministry's draft notification S.O.3576(E), dated 9th November, 2017, the following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira

Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110003, or send it to the e-mail address of the Ministry at esz-mef@nic.in

Draft Notification

WHEREAS, the Kuno National Park is spread over an area of 748.761 square kilometres and is situated in Karhal and Vijaypur Tehsil of Sheopur District in the State of Madhya Pradesh. The National Park is identified as the second home to Asiatic lion and forms the core of the Kuno Wildlife Division;

AND WHEREAS, the buffer area of the Kuno National Park comprises of four ranges (557.278 square kilometer). The Kuno National Park and the four buffer ranges together constitute the Kuno Wildlife Division;

AND WHEREAS, the Kuno Wildlife Sanctuary was notified by Government of Madhya Pradesh *vide* Notification No. 15-8-79-X-2 Bhopal dated 16th January, 1981, and was later declared as Kuno National Park *vide* notification number F-15-52-2002-X-2 dated the 14th December, 2018 by inclusion of 404.0758 square kilometres of area in the previous Wildlife Sanctuary;

AND WHEREAS, the biodiversity rich habitat of Kuno National Park and Kuno Wildlife Division with adjoining forest area supports various species of mammals, birds, reptiles and lesser life forms. The area is also identified as "*Most Suitable Site*" for translocation of Asiatic Lion from Gir National Park by Wildlife Institute of India, Dehradun;

